This question paper contains 8 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **526**

Unique Paper Code : **205241** **D**

Name of the Paper : **Hindi Language (C)**

**(हिंदी 'ग' : आधुनिक भारतीय भाषा)**

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : **II**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10

(क) सरल भाषा के दो अर्थ हो सकते हैं। एक यह है कि भाषा हजार-पाँच सौ शब्दों तक सीमित कर दी जाए, जो प्रयास 'बेसिक' इंगलिश के संबंध में किया गया है। दूसरा अर्थ है कि भाषा सरल हो और बहुजन समाज की समझ में आए। मैंने मालवीय जी की हिंदी सुनी है। उससे ज्यादा सरल और आसान हिंदुस्तानी मैंने कहीं नहीं सुनी। उनके शब्द ज़्यादातर दो या तीन अक्षर के होते थे। अगर उनकी भाषा को इस कसौटी पर कसा जाए कि उसमें अरबी अथवा अंग्रेजी से उपजे कितने शब्द होते थे, तो वह बड़ी

P.T.O.

कड़ी भाषा थी। लेकिन यह नासमझ कसौटी होगी। बहुजन समुदाय और शायद मुसलमानों की भी समझ के लायक जितनी वह भाषा थी, उससे ज्यादा और कोई नहीं। आखिर रहीम और जायसी मुसलमान थे या नहीं।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है और उसके लेखक का नाम बताइए।

(*ii*) लेखक ने सरल भाषा किसे कहा है ?

(*iii*) अंग्रेजी भाषा ने अपने आपको सरल बनाने के लिए क्या किया ?

(*iv*) मालवीयजी की हिंदी की क्या विशेषताएँ थीं ?

(*v*) कड़ी भाषा से लेखक का क्या अर्थ है ?

(ख) "कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर का दिल!" उसके दुख का अन्दाज़ा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दुखी माता की बात सोचने लगा..............जो पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास पलंग से उठ न सकी थीं। जिन्हें पन्द्रह-पन्द्रह मिनिट बाद पुत्र-वियोग से मूर्च्छा आ जाती थी और मूर्च्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बरफ रखी जाती थी – शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइये।

(*ii*) 'पत्थर का दिल' का अर्थ लिखिए।

(*iii*) बेटे की मौत के बाद धनी माँ की क्या दशा थी ?

(*iv*) बाज़ार में सौदा बेचने वाली स्त्री कौन थी ?

(*v*) पुत्र-शोक से किनके मन द्रवित हो उठे थे ?

(ग) अब तो हमारी सभ्यता ने हमें असीमित भोगलिप्सा का पुतला बनाकर धरती का कसाई बना दिया है। हम उसके साथ क्या-क्या नहीं कर रहे हैं ? खनिज और धातुओं को निकालने के लिए, जिसके बिना आज का सभ्य इंसान एक क्षण भी जी नहीं सकता, मीलों अंदर खनन, पेड़-पौधों को काटकर धरती के साथ बलात्कार की इन गतिविधियों में अमीर लोग सबसे आगे खड़े हैं। 'हमारा साझा भविष्य' रिपोर्ट के अनुसार "विश्व की जनसंख्या के सबसे अधिक धनी 27 प्रतिशत लोग अस्सी से लेकर छियासी प्रतिशत तक अनवीनीकृत संसाधनों और चौंतीस से लेकर पचास प्रतिशत तक खाद्य-वस्तुओं का उपभोग करते हैं।"

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइए।

(*ii*) हम धरती के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं ?

(*iii*) 'अब तो हमारी सभ्यता ने हमें असीमित भोगलिप्सा का पुतला बनाकर धरती का कसाई बना दिया है।' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) धरती के साथ अन्याय करने में सबसे आगे कौन है ?

(*v*) आज का सभ्य इंसान किस कार्य के बिना एक क्षण भी नहीं रुकता ?

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(*i*) लेखक भविष्य में हवाई यात्रा क्यों नहीं करना चाहता ? (ऊपर उठने की मुसीबत)

(*ii*) उपभोक्तावाद ने किस तरह भारतीय समाज को प्रभावित किया है ? (उपभोक्तावाद की संस्कृति)

(*iii*) पर्यावरण-संतुलन बिगड़ने के पीछे कौनसे कारण हैं ? (थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)।

(*iv*) दिल्ली पर अलग-अलग समय पर किन-किन लोगों ने हमले किए ? (दिल्ली की आपबीती)

(*v*) हिंदी के विकास के लिए अंग्रेजी का मोहत्याग करना क्यों आवश्यक है ? (हिंदी के सरलीकरण की नीति)

(*vi*) चिमटा खरीदते समय हामिद के मन में क्या चल रहा था ? (ईदगाह)

(*vii*) कौनसे उपायों से गाँव में शिक्षा का प्रचार किया जा सकता है ? (गाँव की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

3. 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4×3=12

(*i*) उदयभानु को किसने मारा और क्यों ?

(*ii*) कल्याणी कौन थी और पति की मृत्यु के बाद उसके सामने कौनसी विषम समस्या आ खड़ी हुई थी ?

(*iii*) निर्मला का विवाह तोताराम से किन परिस्थितियों में हुआ ?

(*iv*) कृष्णा के विवाद के बाद निर्मला मायके से अपने घर जाने की इच्छुक क्यों नहीं थी ?

(*v*) तोताराम और जियाराम का किस बात पर रोज़ झगड़ा होता था ?

(*vi*) सियाराम बनिये की दुकान पर घी लौटाने क्यों गया और वहाँ पर क्या हुआ ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' (भारतीय तालाब) के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) मृगतृष्णा को झुठलाने के लिए राजस्थान के लोग कौनसा उपाय करते थे ?

(*ii*) 'नेष्टा' क्या होता है ? तालाब बनाते समय पहले वर्ष नेष्टा को छोटा क्यों बनाते हैं ?

(*iii*) चिखलिया तालाब की क्या विशेषताएँ होती हैं ?

(*iv*) 'जो तालाब बनाते थे समाज उन्हें संत बना देता था।' इस कथन से लेखक का क्या आशय है ?

(*v*) 'शहरों को पानी चाहिए पर पानी दे सकने वाले तालाब नहीं।'' आशय स्पष्ट कीजिए।

(*vi*) 'अगौरना' किसे कहते हैं ?

4. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 7

(*i*) महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध

(*ii*) दिल्ली मेट्रो

(*iii*) युवाओं के जीवन में मोबाइल का स्थान।

5. रिपोर्ट तैयार कीजिए : 6

मेले में हुई दुर्घटना **अथवा** कॉलेज खेल दिवस।

6. (क) किन्हीं **तीन** के उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए : 3

(*i*) अनीति

(*ii*) अपकार

(*iii*) अवगुण

(*iv*) विवाद

(*v*) सुयश।

(ख) किन्हीं **तीन** के मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए : 3

(*i*) मिठाई

(*ii*) मोटापा

(*iii*) धोबिन

(*iv*) सजावट

(*v*) धार्मिक।

(ग) किन्हीं **तीन** का संधि-विच्छेद कीजिए : 3

(*i*) देवेन्द्र

(*ii*) सुरेश

(*iii*) शुभारंभ

(*iv*) महोत्सव

(*v*) सर्वांग।

(घ) किन्हीं **तीन** का समास-विग्रह कीजिए : 3

(*i*) महात्मा

(*ii*) रेलगाड़ी

(*iii*) अमीर-गरीब

(*iv*) गजानन

(*v*) तिरंगा।

7. (क) किन्हीं **तीन** का पदबंध प्रकार बताइए : 3

(*i*) रंग-बिरंगे फूलों से भरा उपवन सबका मन मोह लेता है।

(*ii*) राम बहुत हंसमुख व समझदार है।

(*iii*) वे गाकर सुना सकते हैं ।

(*iv*) सारे बच्चे जोर-जोर से चिल्लाने लगे।

(*v*) सबको सिखाने वाले तुम खुद ही मूर्ख निकले।

(ख) किन्हीं **तीन** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 3

(*i*) मेरे को बहुत गरमी लग रही है।

(*ii*) क्या तुम उसे देखे हैं ?

(*iii*) उसने मुझे अनेकों बार समझाया।

(*iv*) तुम तुम्हारे घर चले जाओ।

(*v*) हमारे को भी बात बताओ।

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों को शुद्ध कीजिए : 2

(*i*) परिक्षा

(*ii*) प्रथक

(*iii*) गुन

(*iv*) समाजिक

(*v*) भ्रस्ट

(*vi*) अधीकार।